

# जनगणना में आम लोग स्वयं भी ऑनलाइन जानकारी कर सकेंगे अपलोड



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जनगणना 2027 के तहत 1 मई से 30 मई 2026 तक प्रस्तावित मकान सूचीकरण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा ई-दक्ष केंद्र रतलाम

### चार दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण श्रृंखला में दी जानकारी

में चार दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण में विभिन्न स्तर के प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनगणना कर्मियों को जनगणना की प्रक्रिया, दायित्वों तथा तकनीकी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।

प्रथम दो दिवसीय प्रशिक्षण 23 एवं 24 फरवरी 2026 में जिलाधिकारियो के साथ जनगणना अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) ग्रामीण चार्ज अधिकारी (तहसीलदार) व अतिरिक्त चार्ज अधिकारी (नायब तहसीलदार) साथ ही उनके जनगणना लिपिक हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसके पश्चात 25 एवं 26 फरवरी 2026 में प्रमुख जनगणना अधिकारी (आयुक्त नगर निगम रतलाम), नगर जनगणना अधिकारी, जोनल चार्ज अधिकारी तथा समस्त नगर पालिका एवं नगर परिषद के चार्ज अधिकारी एवं उनके जनगणना लिपिक का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु जनगणना निदेशालय भोपाल से जय शहदादपुरी (संयुक्त निर्देशक एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक) तथा सुश्री ओजस्विनी शर्मा जिला प्रभारी (जनगणना कार्य) प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु उपस्थित रहे हैं।

उक्त प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी डॉ शालिनी श्रीवास्तव, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी जिला योजना अधिकारी बी.के. पाटीदार, समस्त अनुविभागीय जनगणना अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) समस्त ग्रामीण चार्ज अधिकारी (तहसीलदार) समस्त अतिरिक्त चार्ज अधिकारी (नायक तहसीलदार) एवं समस्त जनगणना लिपिक उपस्थित थे।

### अधिकारियों-सुपरवाइजरों की जिज्ञासाओं को किया शांत

राष्ट्रीय प्रशिक्षक जयशहदाद पुरी द्वारा जनगणना की पृष्ठभूमि, मूलभूत सिद्धांत, अवधारणा, विभिन्न स्तर के अधिकारियों के दायित्व, सुपरवाइजर, प्रगणक के कार्य दायित्व तथा प्रगणक द्वारा पूछे जाने वाले 34 प्रश्नों के संबंध में उत्पन्न होने वाली सभी स्थिति और जिज्ञासाओं का निराकरण करते हुए एक-एक विषय पर गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही सुश्री ओजस्विनी (जिला प्रभारी जनगणना) द्वारा उक्त जनगणना में प्रयोग में लिए जाने वाले सीएमएमएस पोर्टल जिसके द्वारा संपूर्ण जनगणना की मॉनिटरिंग व प्रबंधन कार्य किया जाना है तथा एचएलओ एप जिसके द्वारा सुपरवाइजर एवं प्रगणक के द्वारा मकानसूचीकरण का कार्य किया जाना है और नागरिकों द्वारा अपनी स्वगणना पोर्टल के माध्यम से की जा सके, उसके संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 'इस बार की जनगणना में आम नागरिक को जनगणना पोर्टल के माध्यम से स्व गणना करने की सुविधा दी गई है। यह कार्य, मूल मकान सूचीकरण कार्य जो 1 मई 2026 से प्रारंभ होगा। आम नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य स्वगणना, जनगणना पोर्टल माध्यम से कर सकेंगे।'

## चोरी का खुलासा : तीन गिरफ्तार पुलिस कर रही लगातार पूछताछ

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** दो दिन पूर्व जिले के सैलाना क्षेत्र में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस को तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी का माल भी बरामद कर लिया है। पुलिस चोरों से अन्य चोरियों के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सैलाना थाना क्षेत्र अंतर्गत दो दिन पूर्व शुक्रवार को फरियादी भवर पिता बदीयाजी निनामा 38 वर्षीय निवासी ताराघाटी ग्राम सरवन ने पुलिस को शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि उसके घर में ताला लगी लोहे की पलंग पेटी सहित उसमे रखा सामान टेबल पंखा, तीन गेती, पांच तगारी, दराता और घरेलु बर्तन जिसकी अनुमानित कीमत 40 हज़ार रुपए अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर एसडीओपी नीलम बघेल एवं सैलाना थाना प्रभारी पिंकी आकाश के नेतृत्व में टीम गठित हुई। गठित टीम ने मुखबिर सूत्रों के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने पर चोरी गया माल सहित चोरी के लिए उपयोग की गई महिंद्रा वीरों लोडिंग गाड़ी को भी बरामद किया। पुलिस आरोपियों से अन्य चोरीयो की घटना के बारे में पूछताछ कर रही है। गिरफ्तारी में निरीक्षक पिंकी आकाश (थाना प्रभारी सैलाना), सहायक उप निरीक्षक शंकरसिंह शक्तावत, प्रधान आरक्षक संदीप सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक निरंजन त्रिपाठी, आरक्षक तुफान भुरिया, आरक्षक फकीरचंद सोलंकी, आरक्षक जसवंत राठौर की सराहनीय भूमिका रही।

## एक नजर में

### जिला बाल श्रम टास्क फोर्स एवं बंधक श्रम जिला सतर्कता समिति की बैठक संपन्न

**रतलाम।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन की अध्यक्षता में जिला बाल श्रम टास्क फोर्स एवं बंधक श्रम जिला सतर्कता समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं लीड बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा रतलाम जिले को बाल श्रम एवं बंधक श्रम से मुक्त करने हेतु जिला स्तर पर बाल श्रम एवं बंधक श्रम के संयुक्त दल का गठन कर इस संबंध में संभावित स्थलों का चयन करने एवं बाल श्रम अथवा बंधक श्रम करवाने वाले दोषी व्यक्तियों पर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

### सैलाना में धारा 163 लागू : बिना अनुमति रैली, जुलूस और ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

**सैलाना।** रतलाम जिले के सैलाना में 23 फरवरी 2026 अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं दण्डाधिकारी, तरुण जैन सैलाना द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत संपूर्ण अनुविभाग सैलाना की राजस्व सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। यह आदेश 23 फरवरी 2026 से प्रभावी होकर आगामी दो माह तक लागू रहेगा। जारी आदेश के अनुसार, बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के किसी भी प्रकार की रैली, जुलूस, धरना, प्रदर्शन, शोभायात्रा या सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। न्यायालय परिसर, शासकीय कार्यालयों, अस्पतालों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का धरना-प्रदर्शन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सार्वजनिक सड़कों, मार्गों एवं हाइवे पर भीड़ एकत्र कर यातायात अवरुद्ध करना दंडनीय होगा। साथ ही, बिना अनुमति टेंट पंडाल आदि का निर्माण कर आंदोलन या प्रदर्शन करना भी प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी सख्ती बरती गई है। बिना अनुमति डीजे, लाउडस्पीकर आदि का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा तथा रात्रि 10 बजे के बाद पूर्णत: ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक रहेगी। इसके अतिरिक्त, कोई भी व्यक्ति अनुविभाग सैलाना क्षेत्र में किसी प्रकार के आग्नेयास्त्र, धारदार हथियार या विस्फोटक सामग्री लेकर सार्वजनिक रूप से नहीं घूम सकेगा। हालांकि, ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं अधिकृत सुरक्षा कर्मियों को इस प्रतिबंध से छूट प्रदान की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश जनसामान्य की सुरक्षा एवं लोकशांति बनाए रखने के उद्देश्य से जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व विधिवत अनुमति प्राप्त करें तथा प्रशासन के निर्देशों का पालन कर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करे।

### जिलाध्यक्ष बनने पर शैतानसिंह हाडा का किया स्वागत

**रतलाम।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली के जिला अध्यक्ष मनोनित होने पर आज गुलाब चक्कर पर शैतानसिंह हाड़ा का नरेंद्र मोदी विचार मंच रतलाम के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर विचार मंच के अध्यक्ष रामलाल सोलंकी (रतलाम ग्रामीण) ने जिला अध्यक्ष हाडा का स्वागत करते हुए कहा कि श्री हाड़ा के परिषद के जिला अध्यक्ष मनोनित होना परिषद के लिए हर्ष की बात है। आपकी नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद के कार्यकर्ता उत्साह पूर्वक संगठन का कार्य कर सकेंगे। वहीं पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रकाश भगोरा एवं मधु पटेल ने भी श्री हाडा का स्वागत कर शुभकामनएँ व्यक्त की। इस अवसर पर विचार मंच के रामलाल सोलंकी, पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रकाश भगोरा, गोवर्धन पाटीदार, मधु पटेल, जगदीश मचार, कैलाश चंद्र निनामा, देवेन्द्र गुर्जर (पंवार), बाबूलाल मालवीय (बोदिना), मोहनलाल सारवान, भरत डोडियार, प्रकाश भाभर, शैलेन्द्र खरे, पीरूलाल मालवीय (एडव्होकेट), भरत चौहान धर्मेन्द्र मईडा आदि उपस्थित थे।



## ज्ञान, चिंतन और संवाद का सशक्त मंच बनी संगोष्ठी

**रतलाम।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतलाम में वैश्वीकरण के संदर्भ में भारतीय ज्ञान परम्परा की भूमिका विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की समीक्षा आयोजन समिति व परामर्श समिति द्वारा की। जिसमे ये तथ्य सामने आये की यह संगोष्ठी ज्ञान, चिंतन और संवाद का सशक्त मंच बनकर उभरी। इस संगोष्ठी में देश-विदेश से लगभग 600 प्रतिभागियों का पंजीयन हुआ, 350 से अधिक शोध पत्र प्राप्त हुए तथा 100 से अधिक शोध पत्रों का ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों डीआरएम अश्विनी कुमार, प्रदीप खरे एवं डॉ. वाय.के. मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रथम दिवस संगोष्ठी समन्वयक डॉ. मणिक डांगे ने भारतीय ज्ञान प्रणाली को जीवन मूल्य-आधारित समग्र दृष्टि बताते हुए इसकी आधुनिक संदर्भों में उपयोगिता स्पष्ट की तथा डॉ. पवन मिश्रा, डॉ. चाँद किरण सलूजा ने ऑनलाइन अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता डीआरएम अश्विनी कुमार, डॉ. प्रदीप खरे, अतिथि डॉ. वायके मिश्रा ने भारतीय ज्ञान प्रणाली को जीवनमूल्य आधारित समग्र दृष्टि बताया। प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने संगोष्ठी को नवचिंतन का प्रेरक मंच बताते हुए सभी वक्ताओं के विचारों को ज्ञानवर्धक बताया। द्वितीय दिवस पर डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. मुनीरा हुसैन ने ऑनलाइन तथा वक्ता डॉ. विनोद शर्मा ने संगोष्ठी को सम्बोधित किया।

## किसान महाचौपाल में शामिल होने 100 वाहनों से जाएंगे भोपाल

**रतलाम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में भारत के किसानों के हितों के विपरीत ट्रेड डील करने के विरोध में कांग्रेस द्वारा भोपाल में किसान महाचौपाल का आयोजन किया है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शामिल होंगे। कांग्रेस के आह्वान पर रतलाम से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भोपाल पहुंचेंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा के नेतृत्व में सोमवार 24 फरवरी को प्रात: 6 बजे सराय चौराहे से लगभग 100 चार पहिया वाहनों का काफिला भोपाल के लिए रवाना होगा। अध्यक्ष श्री वर्मा ने शहर के कांग्रेसजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचकर किसान महा चौपाल को सफल बनाएं। कांग्रेस नेताओं के अनुसार यह आयोजन किसानों के हितों की रक्षा एवं केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में आयोजित किया जा रहा है।

## फागोत्सव में झूमी महिलाएं, जमकर उड़ा रंग-गुलाल



**रतलाम।** माणक चौक स्थित गोपालजी के बड़े मंदिर में रंगारंग फाग महोत्सव मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने भजनों पर जमकर नृत्य किया और रंग गुलाल उड़ाकर फागोत्सव मनाया।

गोपालजी के बड़े मंदिर में रंगारंग फाग महोत्सव रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के रतलाम जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन मंत्री सीमा आर.एस. देवड़ा के नेतृत्व में किया गया। यह महोत्सव लगातार छठे वर्ष आयोजित किया गया।

महोत्सव में गायक कलाकार पंडित गोपाल कृष्ण शर्मा ने भक्ति रस से ओत-प्रोत भजनों की प्रस्तुति दी। उन्होंने महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, भगवान श्रीकृष्ण, माताजी एवं श्री गणपति जी के भजनों के साथ फाल्गुन माह के पारंपरिक फाग गीतों की भी सुंदर प्रस्तुति दी। 'सांवरियो है सेठ, मारी राधा जी सेठानी है' जैसे भजनों पर महिलाओं ने भक्ति भाव से नृत्य कर आनंद लिया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने सफेद, लाल और गुलाबी लहरिया परिधान धारण कर फाल्गुनी उत्सव का उल्लास बढ़ाया। रंग, गुलाल और फूलों की वर्षा के बीच महिलाएं भक्ति भाव से झूमती नजर आईं। पूरा मंदिर परिसर फाग के रंगों और भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।

जिला अध्यक्ष सीमा देवड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 200 महिलाओं ने भाग लेकर भजनों और उत्सव का आनंद लिया।

महोत्सव में हेम कुंवर, अनिता सोलंकी, टीना चंद्रवाद, ऊषा पंवार, नीतु पंवार, राम कुमार काजल जीजा, किरण गोयल, अनिता जीजा, नीता जीजा, सोनी जीजा, कृष्ण जीजा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती एवं प्रसादी वितरण के साथ हुआ।

## फांसी लगाने से युवक की मौत

**रतलाम।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के शिव नगर में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर पंचनामा बनाया और कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार अयाज पिता हफिज खान (21 वर्ष) ने अपने निवास पर फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। प्रारंभिक जानकारी में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मामले की जांच की जा रही हैं। अभी फांसी लगाने के कारण का पता नहीं चला हैं।

## अवैध पिस्तौल, 8 कारतूस के साथ दो गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**आलोट।** मंदिर के पास नाकाबंदी में जगदीश और शादाब के पास से अवैध पिस्तौल मिली। इसके साथ ही आठ कारतूस भी जब्त किए गए। पुलिस ने सवा लाख की मोटरसाइकिल के साथ दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एक आरोपी एजाज फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। जिले में अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना आलोट पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में थाना आलोट पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर प्रभावी कार्रवाई की गई। मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर थाना आलोट पुलिस टीम द्वारा जीवनगढ़ रोड, महादेव मंदिर के पास नाकाबंदी की गई। इस दौरान जावरा की ओर से आ रही सफेद रंग की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 43 जेडएल 2994) पर सवार दो व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में शादाब पिता शहजाद खां मेव, उम्र 25 वर्ष, निवासी खेडाखेड़ी नयापुरा, थाना आईए जावरा, जिला रतलाम तथा जगदीश पिता अमरनाथ कालबेलिया, उम्र 26 वर्ष, निवासी खेडाखेड़ी नयापुरा, थाना आईए जावरा, जिला रतलाम निकले। दौरान आरोपी शादाब की तलाशी लेने पर उसके पेंट के पीछे कमर (अंट) से एक अवैध पिस्टल बरामद हुई। पिस्टल के मैगजीन की जांच करने पर उसमें से 8 जिंदा राउण्ड मिले।

दोनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर जब्ती की कार्रवाई की गई। अपराध क्रमांक 78/2026, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी शादाब ने उक्त पिस्तौल एवं 8 राउण्ड एजाज पिता उस्मान मेव, निवासी नागदा रोड खाचरोद, हाल मुकाम विराट नगर गली नं. 03, उज्जैन से खरीदना बताया है। आरोपी एजाज की तलाश जारी है एवं प्रकरण में विवेचना की जा रही है।

**सराहनीय भूमिका :** इस कार्रवाई में निरीक्षक मुनेन्द्र गौतम (थाना प्रभारी आलोट), उप निरीक्षक प्रमोद राठौर, आरक्षक अभिनन्दन, दीपक, अंकित काला, बाबूलाल, विश्वेन्द्र का सराहनीय भूमिका रही।

## जिला पंचायत सीईओ ने ली टीएल बैठक, योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

**रतलाम।** कलेक्टर सभाकक्ष में सीईओ जिला पचांयत सुश्री वैशाली जैन की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाईन, समयावधि पत्रों, समाधान पोर्टल एवं अन्य विषयों पर विभाग वार समीक्षा कर विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गये। बैठक में विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कृषि वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग एवं सहकारिता विभाग को शासन के निर्देशानुसार कार्ययोजना बना कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीईओ सुश्री जैन ने शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं में पात्र हितग्राहियों के ऋण प्रकरण स्वीकृत कर वितरण करवाने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया।

बैठक में निर्देश दिए गये कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन एवं समयावधि पत्रों के समाधानकारी निराकरण कर जवाब पोर्टल पर दर्ज करें। संबंधित सभी विभाग प्रमुख संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण कर पोर्टल पर जवाब दर्ज करें। प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत लगे अनुश्रवण शिविरों में प्राप्त हुए आवेदनों का समाधानकारी निराकरण करे। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले पत्रो का समाधानकारी जबाब दे एवं संबंधित को सूचित भी करे। सुश्री जैन ने बताया कि रतलाम जिले में शासकीय विद्यालयों के भौतिक एवं शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण नवाचार के रूप में 'ज्ञानोदय शाला उन्नयन अभियान' प्रारंभ किया गया है। अभियान अंतर्गत इच्छुक व्यक्ति, सामाजिक संगठन, औद्योगिक प्रतिष्ठान, स्वयंसेवी संस्थाएँ, शासकीय अधिकारी/कर्मचारी तथा पूर्व छात्र विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए डेस्क प्रायोजित कर सकते हैं।

## विधानसभा में विद्युतीकरण के 54 करोड़ से अधिक की लागत से 803 कार्य स्वीकृत

**जावरा।** विगत पांच वर्षो में जावरा विधानसभा क्षेत्र में विद्युतीकरण के 54 करोड से अधिक की लागत से 803 कार्य स्वीकृत हुए है। उक्त जानकारी विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दी। जावरा विधानसभा क्षेत्र में नवीन व क्षमतावृद्धि वाले ट्रांसफार्मर, नवीन विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना को लेकर विधायक डॉ पांडेय द्वारा उठाये गए विषय पर मंत्री श्री तोमर ने बताया कि जावरा विधानसभा क्षेत्र में विगत पांच वर्षों में 54 करोड 11 लाख रु की लागत के 803 कार्यो की स्वीकृति दी गई। विधायक डॉ पांडेय की मांग पर 58स्थानो पर विभिन्न कार्यो के प्रस्ताव दिए, जिसमे से 37 कार्यो को पूर्ण कर लिया गया है। शेष 19 कार्य प्रगतिरत है। ग्राम जेठाना में 132/33 केवी अतिउच्च दाब विद्युत उपकेंद्र का प्रस्ताव पावर ट्रांसमिशन कम्पनी जबलपुर भेजा गया है, जिसकी स्वीकृति पश्चात कार्य किया जाएगा। विधायक डॉ पांडेय के एक प्रश्न पर महिला व बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि जावरा विधानसभा क्षेत्र में आंगनवाडी केंद्रों के 11 भवन स्वीकृत किये गए, जिसमे से 3 का कार्य पूर्ण हो गया, शेष कार्य प्रगति पर है। आपने बताया कि क्षेत्र में 195 आंगनवाडी केंद्र भवनविहीन है। इसके अलावा बीते वर्षो इन आंगनवाडी केंद्रों में 14 लाख 44 हजार के मरम्मत कार्यो को भी स्वीकृत किया गया।

**पीलिया खाल प्रदूषण मुक्त कार्ययोजना का 85 फीसदी कार्य पूर्ण:** जावरा विधायक डॉ पांडेय ने जावरा नगर की पीलिया खाल प्रदूषण मुक्त कार्ययोजना एवं पिपलौदा में जल प्रदाय कार्ययोजना का विषय भी उठाया। जिस पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि जावरा नगर में लगभग 8 करोड की लागत वाली पीलिया खाल प्रदूषण मुक्त कार्ययोजना का 85 फीसदी कार्य हो गया है। एसटीपी प्लांट के लिए भूमि क्रय की जा चुकी है, जिसका कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। इस कार्ययोजना में अनियमितता की विभिन्न शिकायतों की जांच कराई जा रही है। आपने

पिपलौदा नगर की जल प्रदाय कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि 4 करोड 15 लाख रु की लागत से स्वीकृत मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना अंतर्गत मुख्य स्रोत जालन्धर खेडा तालाब में पर्याप्त पानी उपलब्ध नही होने, पीने योग्य पानी नही होने से फिल्टर प्लांट चालू नही हो पाया है।

**जल जीवन मिशन के तहत 5 वर्षो में 367 योजनाएं हुई पूर्ण हुई:** विधायक डॉ पांडेय के प्रश्न पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया ऊइके ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत रतलाम जिले में विगत 5 वर्षो में 367 योजनाएं पूर्ण हुई है। आपने आगे बताया कि समूह जल प्रदाय योजनाओ में गांधीसागर समूह जल प्रदाय योजना पर 993 करोड व्यय हो गए है। इसका 90 फीसदी कार्य पूर्ण हो गया है।

## नपा ने 20 नल कनेक्शन किए विच्छेद

**जावरा।** नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत अब जलकर की राशि नहीं भरने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई शुरू की हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे जलकर वसूली अभियान अंतर्गत विगत दो माहो में जलकर चालू राशि 15 लाख व बकाया राशि 5 लाख रूपए के साथ कुल 20 लाख रूपए की वसूली की जा चुकी है। बकाया राशि जमा ना होने पर गठित दल द्वारा केवल 2 माह में लगभग 20 नल कनेक्शन विच्छेद कर दिए गए है। नगर पालिका द्वारा बकायादार उपभोक्ताओ से अपील की गई है कि अपनी राशि जमा कर होने वाली असुविधा से बचे। गठित दल मे शेहजाद अली, इमरानउद्दीन कुरैशी, इश्तियाक एहमद, शाहनवाज खान, नासीर एवं शाकिर द्वारा वसूली कार्य किया जा रहा है।

### नपा का जलकर वसूली अभियान जारी

**निर्वाचन** नामांकन प्रस्तुत करने के बाद अन्य समाज बंधुओं के साथ मंदिर में दर्शन कर प्राप्त किया आशीर्वाद

## श्री सकल पंच राठौर समाज अध्यक्ष पद के लिए नंदकिशोर राठौर ने किया नामांकन पत्र दाखिल



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** श्री सकल पंच राठौर समाज जावरा के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार नंदकिशोर (सिसोदिया) राठौर ने सोमवार दोपहर निर्वाचन अधिकारी एसपी सोनी एडवोकेट के कार्यालय जाकर विधिवत अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के पश्चात अध्यक्ष पद के उम्मीदवार व पूर्व सचिव रह चुके नंदकिशोर राठौर ने मीडिया को बताया कि वह निर्वाचन के पश्चात सकल पंच राठौर समाज जावरा के प्रत्येक सदस्य व मातृशक्ति की भावना के अनुसार समाज हित में कार्य व सबको साथ लेकर चलेंगे तथा समाज के सभी छोटे-बड़े वरिष्ठजनों, युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीयों व मातृशक्ति (राठौर महिला मंडल) का सम्मान करते हुए उनके प्रत्येक सुझाव को क्रियान्वित करेंगे। उन्होंने आगे बताया है कि कई वर्षों से समाज की प्रगति, विकास एवं सुधार के लिए अनेक कार्य जो लंबित है उन्हें भी सबसे विचार विमर्श के उपरांत पूरा करेंगे। नामांकन प्रस्तुत करने के पूर्व अध्यक्ष पद के उम्मीदवार नंदकिशोर राठौर व राष्ट्रीय राठौर एकता परिषद (भारत) के उज्जैन संभाग संगठन सचिव विजय राठौर तथा अन्य समाज बंधुओ ने जावरा में लालागली स्थित श्री सत्य नारायण मंदिर जाकर भगवान श्री सत्यनारायण के दर्शन व पूजा अर्चना कर विजयीश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय सह प्रवक्ता, राष्ट्रीय राठौर एकता परिषद (भारत) के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जगदीश राठौर, सकल पंच राठौर समाज जावरा संरक्षक शिवनारायण (सलाडिया) राठौर, पूर्व अध्यक्ष मुकेश भाटी एडवोकेट, गोपाल (सिसोदिया) राठौर, समाजसेवी गोविंद राठौर (गजक वाले), विजय राठौर पत्रकार, बलराम राठौर होटल वाले, पारस (सिसोदिया) राठौर, निखिल राठौर( राठौर ट्रेडर्स) व राहुल (सिसोदिया) राठौर भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि नंदकिशोर राठौर राष्ट्रीय राठौर एकता परिषद (भारत) के उज्जैन संभाग अध्यक्ष पद का दायित्व का निर्वाह कर रहे हैं। इसके पूर्व लायंस क्लब जावरा एक्टिव के अध्यक्ष एवं श्री सकल पंच राठौर समाज जावरा के सचिव पद का निर्वाह कर चुके हैं। वे अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा (रजिस्टर्ड) के भी सक्रिय सदस्य हैं।